# Hindu

**1. स्वतंत्र संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता की घोषणा**

“मैं जर्मनी के संघीय गणराज्य के मूल कानून की स्वतंत्र संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा करता हूँ। विशेषतः, मैं स्वीकार करता हूँ

a. चुनावों और रेफरेन्डम तथा विशेष विधायी, कार्यकारी और न्यायिक निकायों के माध्यम से राज्य के प्राधिकार का प्रयोग करने के लोगों के अधिकार को और सामान्य, प्रत्यक्ष, स्वतंत्र, समान और गुप्त चुनावों में लोगों के प्रतिनिधियों को चुनने के अधिकार को,
b. संवैधानिक व्यवस्था के लिए विधि निर्माण के बाध्यकारी होने तथा कार्यकारी शक्ति और कानून तथा न्याय के अधिकार क्षेत्र के बाध्यकारी होने को,
c. संसदीय विपक्ष बनाने और उसका उपयोग करने के अधिकार को,
d. सरकार को बदलने की संभावना और जन प्रतिनिधियों के प्रति उसकी जवाबदेही को,
e. न्यायालयों की स्वतंत्रता को,
f. बल और मनमानी शक्ति के किसी भी आधिपत्य के बहिष्कार को,
g. मूल कानून में मानव अधिकारों का नीहित होने को,
h. कि यहूदी-विरोध, नस्लवाद या अन्य मानवद्वेष से प्रेरित कृत्य मूल कानून में मानव गरिमा की गारंटी के साथ असंगत हैं और इस घोषणा के उल्लंघन में हैं।”

**2. अन्यायपूर्ण राष्ट्रीय समाजवादी शासन के लिए जर्मनी की विशेष ऐतिहासिक जिम्मेदारी की घोषणा**

"मैं स्वीकार करता हूँ

a) अन्यायपूर्ण राष्ट्रीय समाजवादी शासन और उसके परिणामों और विशेष रूप से यहूदी जीवन की सुरक्षा के लिए जर्मनी की विशेष ऐतिहासिक जिम्मेदारी को; साथ ही साथ
b) लोगों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को और आक्रामक युद्ध छेड़ने पर प्रतिबंध को।”

**3. निष्ठा की घोषणा**

“मैं घोषणा करता हूँ कि मैं ऐसे किसी भी प्रयास का समर्थन या अनुसरण नहीं करता या मैंने नहीं किया है अथवा समर्थन नहीं किया है जो

a) स्वतंत्र संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था, संघीय सरकार या राज्य के अस्तित्व या सुरक्षा के विरुद्ध निर्देशित हैं, या
b) संघीय सरकार के संवैधानिक निकायों या संघीय राज्य या उनके सदस्यों के कर्तव्यों के निष्पादन में अवैध रूप से हस्तक्षेप करने का लक्ष्य रखता है, या
c) हिंसा के प्रयोग या ऐसी हिंसा की ओर निर्देशित कार्यों के माध्यम से संघीय गणराज्य जर्मनी के विदेशी हितों को खतरे में डालता है।”

4. **परिशिष्ट**

"मैंने ऐसे किसी भी पूर्व प्रयास या समर्थन को त्याग दिया है।"